रोल नं.
Roll No. | | | | | |

10074
Code No. **001**

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 15 हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को विद्यार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 17 प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक विद्यार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका में कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

# हिंदी

*निर्धारित समय : 3 घंटे* *अधिकतम अंक : 80*

***सामान्य निर्देश :***

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िये और उनका अनुपालन कीजिए :

(i) इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं – खंड 'क' और 'ख' खंड 'क' में वस्तुपरक / बहुविकल्पी और खंड 'ख' में वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।

(ii) प्रश्न-पत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या 17 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

(iv) खंड 'क' कुल 10 प्रश्न हैं जिनमें उप प्रश्नों की संख्या 49 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उप प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(v) खंड 'ख' में कुल 7 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

## खंड – क

### ( बहुवैकल्पिक / वस्तुपरक प्रश्न )

**1.** निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के दिये गये सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए– **1x5=5**

कुछ साल पहले जब मंगल ग्रह पर जल स्रोतों जैसी तस्वीरें सामने आईं, तो वैज्ञानिकों की खोज की दिशा बदल गई। भरोसा पैदा हुआ कि अगर कभी वहाँ जल रहा होगा, तो जीवन भी ज़रूर रहा होगा। वह जीवन कैसा था, वहाँ किस प्रकार के जीव-जंतु, वनस्पतियाँ आदि पाई जाती थीं ? फिर वहाँ का जीवन समाप्त हो गया तो उसकी वजह क्या थी ? इन सब तथ्यों के बारे में पता लगाने को लेकर वैज्ञानिक उत्सुक हुए। इसी के चलते विभिन्न देशों ने अपना ध्यान चंद्र अभियान की अपेक्षा मंगल अभियान की तरफ केंद्रित करना शुरू कर दिया। भारत ने भी मिशन मंगल शुरू किया था पर उसमें अपेक्षित कामयाबी नहीं मिल पाई। अंतरिक्ष का अध्ययन कई कारणों से महत्वपूर्ण माना जाता है। चूँकि पृथ्वी भी सौरमंडल की एक इकाई है, जब दूसरे ग्रहों पर कोई हलचल होती है, तो उसका प्रभाव इस पर भी पड़ता है। चूँकि जीवन सिर्फ पृथ्वी पर है इसलिए मानव जीवन की सुरक्षा की दृष्टि से भी अंतरिक्ष के दूसरे ग्रहों पर चल रही हलचलों पर नज़र रखना बहुत ज़रूरी होता है। मंगल ग्रह पर अगर जीवन के प्रमाण मिलते हैं, तो आगे यह पता लगाने में भी मदद मिल सकती है कि वहाँ किन स्थितियों के कारण जीवन समाप्त हो गया। ग्रहों की स्थितियों के बारे में जानना केवल ज्योतिष विज्ञान का विषय नहीं है। यह वैज्ञानिक तथ्य है कि जब दूसरे ग्रहों की स्थिति में बदलाव होता है, तो मनुष्य के जीवन पर भी उसका प्रभाव पड़ता है, पृथ्वी की जलवायु, वनस्पतियों, सूक्ष्म जीवों के स्वभाव में भी बदलाव नज़र आने लगता है।

(i) मंगल के प्रति वैज्ञानिकों की बढ़ती उत्सुकता का कारण है :

(क) अन्य ग्रहों की तुलना में आसान अध्ययन

(ख) मंगल से जीवन के अस्तित्व की तस्वीरें

(ग) सौरमंडल के अन्य ग्रहों को समझने की जिज्ञासा

(घ) मंगल से प्राप्त जलीय स्रोतों जैसे छायाचित्र आदि में रुचि

(ii) ग्रहों की स्थितियों को जानना-समझना क्यों आवश्यक है ?

(क) जनजीवन पर उनके असर को जानने के लिए

(ख) ज्योतिष की सटीक गणना और भविष्यवाणी के लिए

(ग) मौसम संबंधी सटीक गणना व भाविष्यवाणी के लिए

(घ) सौरमंडल पर उनके प्रभाव को जानने के लिए

(iii) मंगल अभियानों की सफलता से किन तथ्यों का पता चल सकेगा ?

(क) पृथ्वी पर जीवन होने के कारणों का

(ख) मंगल पर जीवन समाप्त होने के कारणों का

(ग) पृथ्वी पर जीवन समाप्त होने के कारणों का

(घ) अंतरिक्ष में जीवन होने के कारणों का

(iv) ज्ञात तथ्यों के आधार पर मंगल ग्रह के संबंध में उपयुक्त कथन है –

(क) अतीत में वहाँ जीवन होने की संभावना

(ख) वर्तमान में वहाँ जीवन होने के साक्ष्य

(ग) वहाँ जल और जीवन दोनों के साक्ष्य

(घ) वहाँ जलविहीन जीवन होने की संभावना

(v) **कथन (क)** और **कारण (ख)** को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए –
(कथन व कारण पर आधारित प्रश्न)

**कथन (क) :** वर्तमान में अंतरिक्ष संबंधी शोधों को काफी महत्व दिया जा रहा है।

**कारण (ख) :** अंतरिक्ष-अध्ययन भविष्य में पृथ्वी पर मानव जाति की सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है।

(क) **कथन (क)** गलत है, किंतु **कारण (ख)** सही हैं।

(ख) **कथन (क)** और **कारण (ख)** दोनों ही गलत हैं।

(ग) **कथन (क)** सही है और **कारण (ख), कथन (क)** की सही व्याख्या है।

(घ) **कथन (क)** सही है किंतु **कारण (ख), कथन (क)** की सही व्याख्या नहीं है।

2. निम्नलिखित दो पद्यांशों में से किसी एक पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए – **1x5=5**

मौत की उमर क्या है? दो पल भी नहीं,
ज़िंदगी सिलसिला, आज कल की नहीं।
मैं जी भर जिया, मैं मन से मरूँ,
लौटकर आऊँगा, कूच से क्यों डरूँ?
तू दबे पाँव, चोरी-छिपे से न आ,
सामने वार कर फिर मुझे आज़मा।
मौत से बेखबर, जिंदगी का सफ़र,
शाम हर सुरमई, रात बँसी का स्वर।
बात ऐसी नहीं कि कोई गम ही नहीं,
दर्द अपने-पराए कुछ कम भी नहीं।
प्यार इतना परायों से मुझको मिला,
न अपनों से बाकी है कोई गिला।
हर चुनौती से दो हाथ मैंने किए,
आँधियों में जलाए हैं बुझते दिए।
आज झकझोरता तेज़ तूफान है,
नाव भँवरों की बाहों में मेहमान है।
पार पाने का कायम मगर हौंसला,
देख तेवर तूफाँ का, तेवरी तन गई।

(i) कवि का जीवन कैसा रहा है?

(क) उतार-चढ़ाव और संघर्षों से भरा किंतु सुखमय।

(ख) उतार-चढ़ाव और संघर्षों से रहित सिर्फ सुखमय।

(ग) उतार-चढ़ाव और संघर्षों से भरा और दुखमय।

(घ) उतार-चढ़ाव और संघर्षों से रहित परंतु दुखमय।

(ii) कवि मृत्यु का सामना कैसे करना चाहता है?

कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए-

**कथन :**

(i) सहजता से (ii) निर्भयता से (iii) सभ्यता से (iv) टकराव से

**विकल्प :**

(क) कथन (i) व (ii) सही हैं। (ख) कथन (ii) व (iii) सही हैं।

(ग) कथन (iii) व (iv) सही हैं। (घ) कथन (iv) व (ii) सही हैं।

(iii) ''आँधियों में जलाए हैं बुझते दिए'' का आशय है-

(क) तेज़ हवा में भी दिए जलाना।

(ख) तेज़ हवा से दिए का बुझना।

(ग) जीवन के संघर्षों का डटकर मुकाबला करना।

(घ) जीवन के संघर्षों का डरकर सामना करना।

(iv) कवि अपने जीवन से जुड़ी किस बात से संतुष्ट है?

(क) उसे अपने-पराये किसी से कोई दुख नहीं मिला।

(ख) उसके जीवन में कभी कोई समस्या नहीं आई।

(ग) उसके अपनों को उससे कोई शिकायत नहीं है।

(घ) उसने अपना जीवन जी भर कर जिया है।

(v) **कथन (क)** और **कारण (ख)** को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए -

(कथन व कारण पर आधारित प्रश्न)

**कथन (क) :** हमें जीवन के समान ही मृत्यु को भी सहज भाव से स्वीकार करना चाहिए।

**कारण (ख) :** जीवन की तरह मृत्यु भी सत्य और अवश्यंभावी है।

(क) **कथन (क)** गलत है किंतु **कारण (ख)** सही है।

(ख) **कथन (क)** और **कारण (ख)** दोनों ही गलत हैं।

(ग) **कथन (क)** सही है और **कारण (ख), कथन (क)** की सही व्याख्या है।

(घ) **कथन (क)** सही है, किंतु **कारण (ख), कथन (क)** की सही व्याख्या नहीं है।

**अथवा**

ढाई महीने पहले की खेती
इन दिनों अब जाने किस-किस को पहुँचा रही है सुख
बीसियों जने आज अखिलेश को दुआ दे रहे हैं
सिके हुए भुट्टों का स्वाद ले रहे हैं
डिस्ट्रिक्ट जेल की चहार दीवारियों के अंदर
इन क्यारियों में अखिलेश अब सब्जियाँ उगाएगा
वह किसी मौसम में इन्हें खाली नहीं रहने देगा
श्रम का अपना सु-फल वो
जाने किस-किस को चखाएगा
वो अपना मन ताश और शतरंज में नहीं लगाएगा
हममें से जो बातूनी और कल्पना-प्रवण हैं
वे भी अखिलेश की फलित मेधा का लोहा मानते हैं
पसीना-पसीना हो जाते है तरुण
लगाते-लगाते संपूर्ण क्रांति के नारे
फूल-फूल जाती हैं गर्दनों की नसें
काश वे भी जेल के पिछवाड़े क्यारियों में
कुछ न कुछ उपजा के चले जाएँ
भले, दूसरे ही उनकी उपज के फल पाएँ!

(i) अखिलेश ने भुट्टे क्यों उगाए?

(क) वह स्वभाव से उद्यमशील था।
(ख) उसे खेलना पसंद नहीं था।
(ग) उसे ऐसा करने का दंड मिला था।
(घ) यह उसका पसंदीदा भोज्य पदार्थ था।

(ii) भुट्टे की खेती कहाँ की गई?

(क) डिस्ट्रिक्ट जेल की क्यारियों में।
(ख) डिस्ट्रिक्ट जेल के खेतों में।
(ग) डिस्ट्रिक्ट पार्क की क्यारियों में।
(घ) अपने गाँव के खेतों में।

(iii) कवितांश का केंद्रीय भाव है -

(क) स्वार्थ सेवा
(ख) निष्काम कर्म
(ग) संपूर्ण क्रांति
(घ) कृषि प्रेम

(iv) अखिलेश का विशिष्ट व्यवहार उन लोगों को भी प्रभावित करता था जो–

(कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए)

**कथन :**

(i) जो सिर्फ बातों में अपना समय व्यतीत करते हैं।

(ii) जो समाज में संपूर्ण क्रांति लाने की चाहत रखते हैं।

(iii) जो सकारात्मक भविष्य के सपनों में खोए रहते हैं।

(iv) जो किसी भी तरह की क्रांति के पक्षधर नहीं हैं।

**विकल्प :**

(क) कथन (i) और (ii) सही हैं।　　(ख) कथन (i) और (iii) सही हैं।

(ग) कथन (i) और (iv) सही हैं।　　(घ) कथन (ii) और (iii) सही हैं।

(v) **कथन (क)** और **कारण (ख)** को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए –

(कथन व कारण पर आधारित प्रश्न)

**कथन (क) :** मनचाहा परिणाम प्राप्त करने के लिए हमें सतत कर्मशील रहना चाहिए।

**कारण (ख) :** कर्मों का परिणाम सिर्फ उन्हें ही मिलता है जो कर्म करते हैं।

(क) **कथन (क)** गलत है किंतु **कारण (ख)** सही है।

(ख) **कथन (क)** और **कारण (ख)** दोनों ही गलत हैं।

(ग) **कथन (क)** सही है और **कारण (ख), कथन (क)** की सही व्याख्या है।

(घ) **कथन (क)** सही है, किंतु **कारण (ख), कथन (क)** की सही व्याख्या नहीं है।

3. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **1x4=4**

(i) 'यशपाल दिल्ली चले गए और पता नहीं चला।'

इसका सरल वाक्य होगा –

(क) यशपाल दिल्ली चले गए पर पता नहीं चला।

(ख) क्योंकि यशपाल दिल्ली चले गए इसलिए पता नहीं चला।

(ग) पता ही नहीं चला कि यशपाल दिल्ली चले गए।

(घ) यशपाल के दिल्ली चले जाने का पता नहीं चला।

(ii) **कॉलम-1** को **कॉलम-2** के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए-

| **कॉलम-1** | **कालॅम-2** |
|---|---|
| (1) भीतर जाने पर माँ ने दोपहर के गुस्से वाली बात मुझे भी बताई। | (i) सरल वाक्य |
| (2) क्या तो उस समय मेरी उम्र थी और क्या मेरा भाषण रहा होगा। | (ii) संयुक्त वाक्य |
| (3) यह तो डॉक्टर साहब का स्नेह था जो प्रशंसा बनकर बह रहा था। | (iii) मिश्र वाक्य |

**विकल्प :**

(क) (1)-(ii), (2)-(i), (3)-(iii)

(ख) (1)-(ii), (2)-(iii), (3)-(i)

(ग) (1)-(iii), (2)-(i), (3)-(ii)

(घ) (1)-(i), (2)-(ii), (3)-(iii)

(iii) निम्नलिखित वाक्यों में संयुक्त वाक्य पहचान कर नीचे दिए गए सबसे सही विकल्प को चुनिए-

(i) इस दृष्टि से यह उनके द्वारा किया गया एक सफल और सराहनीय प्रयास था।

(ii) अब वह किसी से इस बारे में और बात करने को तैयार नहीं थे।

(iii) वे कस्बे से गुजरते रहे और मूर्ति में बदलते हुए चश्मों को देखते रहे।

(iv) खीरे की सुगंध और स्वाद की कल्पना मात्र से ही उनका पेट भर गया।

**विकल्प :**

(क) केवल कथन (i) सही है।

(ख) केवल कथन (iii) सही है।

(ग) कथन (ii) और (iv) सही हैं।

(घ) कथन (i), (ii) और (iv) सही हैं।

(iv) 'केवल एक चीज़ की कसर थी और वह देखते ही खटकती थी। इसका मिश्र वाक्य होगा-

(क) उसमें केवल एक ही कसर थी इसलिए वह चीज़ देखते ही खटकती थी।

(ख) वह चीज़ देखने पर खटकती थी क्योंकि उसमें केवल एक कसर थी।

(ग) यद्यपि केवल एक चीज़ की कसर थी और वह देखते ही खटकती थी।

(घ) केवल एक चीज़ की कसर होने के कारण वह देखते ही खटकती थी।

(v) 'उन्होंने खीरों को खिड़की से बाहर धोया और तौलिए से पोंछ लिया।'-इसका सरल वाक्य होगा-

(क) उन्होंने खीरों को खिड़की से बाहर धोकर तौलिए से पोंछ लिया।

(ख) उन्होंने खीरों को खिड़की से बाहर धोया इसलिए तौलिए से पोंछ लिया।

(ग) क्योंकि उन्होंने खीरों को खिड़की से बाहर धोया इसलिए तौलिए से पोंछ लिया।

(घ) ज्योंहि उन्होंने खीरों को खिड़की से बाहर धोया त्योंहि तौलिए से पोंछ लिया।

4. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- **1x4=4**

(i) कर्मवाच्य कहते हैं-

(क) जहाँ कर्ता प्रधान होता है। (ख) जहाँ कर्म प्रधान होता है।

(ग) जहाँ भाव प्रधान होता है। (घ) जहाँ अन्य पद प्रधान होता है।

(ii) निम्नलिखित में से कर्तृवाच्य वाला वाक्य छाँटिए-

(क) वह उनका समर्थन कर रहा है। (ख) उसके विषय में जानकारी एकत्र की जाए।

(ग) आज उससे यहाँ बैठा नहीं जाएगा। (घ) उन्हें वहाँ भेज दिया गया है।

(iii) इनमें कर्मवाच्य का उदाहरण है-

(क) मुझसे गलती हो गई। (ख) उससे चला नहीं जाता।

(ग) तुम घर चले जाओ। (घ) आज वहाँ मत जाना।

(iv) 'मैं चुपचाप नहीं रह सकता', इसका भाववाच्य होगा-

(क) मैं चुपचाप नहीं रह सकता हूँ। (ख) मुझे चुपचाप नहीं रखा जा सकता।

(ग) मैं चुपचाप नहीं रह पाता हूँ। (घ) मुझसे चुपचाप नहीं रहा जाता।

(v) **कॉलम-1** को **कॉलम-2** के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए-

| **कॉलम-1** | **कॉलम-2** |
|---|---|
| (1) अब तो वहाँ चला जाए। | (i) कर्तृवाच्य |
| (2) अब वह खेल नहीं सकता। | (ii) कर्मवाच्य |
| (3) राज से संदेश लिखा गया। | (iii) भाववाच्य |

**विकल्प :**

(क) (1)-(ii), (2)-(iii), (3)-(i) (ख) (1)-(i), (2)-(ii), (3)-(iii)

(ग) (1)-(iii), (2)-(i), (3)-(ii) (घ) (1)-(ii), (2)-(i), (3)-(iii)

5. निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(i) 'नागार्जुन ने बांग्ला और <u>संस्कृत में</u> भी कविताएँ लिखीं।' रेखांकित अंश का पद-परिचय होगा- **1x4=4**

(क) भाववाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक

(ख) भाववाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्म कारक

(ग) जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्म कारक

(घ) व्यक्तिवाचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, अधिकरण कारक

(ii) 'राजनैतिक सक्रियता के कारण उन्हें <u>अनेक बार</u> जेल जाना पड़ा।' रेखांकित अंश का पद-परिचय होगा-

(क) रीतिवाचक क्रियाविशेषण, जाना पड़ा - क्रिया।

(ख) स्थानवाचक क्रियाविशेषण, जाना पड़ा - क्रिया।

(ग) कालवाचक क्रियाविशेषण, जाना पड़ा - क्रिया।

(घ) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण, जाना पड़ा - क्रिया।

(iii) 'वे समाज की पतनशील स्थितियों के प्रति <u>अपने</u> <u>साहित्य</u> में विशेष सजग रहे।' रेखांकित अंश का पद-परिचय होगा-

(क) निजवाचक सर्वनाम, एकवचन, पुल्लिंग।

(ख) संकेतवाचक सर्वनाम, बहुवचन, पुल्लिंग।

(ग) सार्वनामिक विशेषण, विशेष्य-साहित्य।

(घ) पुरुषवाचक विशेषण, विशेष्य-साहित्य।

(iv) 'प्रसाद जी के मित्रों ने आग्रह किया कि वे भी आत्मकथा <u>लिखें</u>।' रेखांकित अंश का पद परिचय होगा-

(क) अकर्मक क्रिया, कर्मवाच्य, भूतकाल।

(ख) सकर्मक क्रिया, कर्म-आत्मकथा, भूतकाल।

(ग) अकर्मक क्रिया, कर्तृवाच्य, भूतकाल।

(घ) सकर्मक क्रिया, कर्म-आत्मकथा, भूतकाल।

(v) (i) दरवाज़े पर **कोई** खड़ा है।

(ii) बाहर से **कोई** बच्चा आवाज़ दे रहा है।

इन दोनों वाक्यों में 'कोई' का सामान्य पद-परिचय होगा-

(क) पहला कोई-सार्वनामिक विशेषण, दूसरा कोई-अनिश्चयवाचक सर्वनाम।

(ख) पहला कोई-अनिश्चयवाचक सर्वनाम, दूसरा कोई-सार्वनामिक विशेषण।

(ग) पहला कोई-निश्चयवाचक सर्वनाम, दूसरा कोई- सार्वनामिक विशेषण।

(घ) पहला कोई- परिमाणवाचक सर्वनाम, दूसरा कोई-सार्वनामिक विशेषण।

6. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए- **1x4=4**

(i) ''देखि सुदामा की दीन दशा, करुना करि कै करुनानिधि रोए।

पानी परात को हाथ छुयो नहीं, नैनन के जल सों पग धोए।''

इन काव्य पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है-

(क) श्लेष (ख) उत्प्रेक्षा (ग) मानवीकरण (घ) अतिशयोक्ति

(ii) ''रहिमन पानी राखिए, बिनु, पानी सब सून।

पानी गए न उबरै, मोती, मानुष चून।।''

इस दोहे में प्रयुक्त अलंकार है-

(क) श्लेष (ख) उत्प्रेक्षा (ग) मानवीकरण (घ) अतिशयोक्ति

(iii) ''मेखलाकार पर्वत अपार
अपने सहस्त्र दृग सुमन फाड़,
अवलोक रहा है बार-बार
नीचे जल में निज महाकार,''

इन काव्य पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है-

(क) मानवीकरण (ख) अतिशयोक्ति (ग) उत्प्रेक्षा (घ) श्लेष

(iv) ''अविगत गति कछु कहति न आवै,
ज्यों गूंगो मीठे फल को रस अंतर्गत ही भावै।''

इन काव्य-पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है-

(क) श्लेष (ख) उत्प्रेक्षा (ग) मानवीकरण (घ) अतिशयोक्ति

(v) ''आकाश का साफा बाँधकर
सूरज की चिलम खींचता
बैठा है पहाड़''

इन काव्य-पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है-

(क) श्लेष (ख) उत्प्रेक्षा (ग) मानवीकरण (घ) अतिशयोक्ति

7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- **1x5=5**

भादों की वह अँधेरी अधरतिया। अभी, थोड़ी देर पहले मूसलाधार वर्षा खत्म हुई है। बादलों की गरज़, बिजली की तड़प में आपने कुछ नहीं सुना हो, किंतु अब झिल्ली की झंकार या दादुरों की टर्र-टर्र बालगोबिन भगत के संगीत को अपने कोलाहल में डुबो नहीं सकतीं। उनकी खँजड़ी डिमक-डिमक बज रही है और वे गा रहे हैं- ''गोदी में पियवा,चमक उठे सखिया, चिहुँक उठे ना!'' हाँ, पिया तो गोद में ही है, किंतु वह समझती है, वह अकेली है, चमक उठती है, चिहुँक उठती है। उसी भरे-बादलों वाले भादों की आधी रात में उनका यह गाना अँधेरे में अकस्मात कौंध उठने वाली बिजली की तरह किसे न चौंका देता? अरे, अब सारा संसार निस्तब्धता में सोया है, बालगोबिन भगत का संगीत जाग रहा है, जगा रहा है!-तेरी गठरी में लागा चोर, मुसाफिर जाग ज़रा!

(i) बालगोबिन भगत के गीत क्या संदेश देते थे?

(क) तेज़ वर्षा के कारण संभावित बाढ़ का।

(ख) ईश्वर के प्रति आस्था और जागरूकता का।

(ग) भादों की मूसलाधार वर्षा के आगमन का।

(घ) रात में सोते हुए भी सजगता का।

(ii) किन कारणों से कभी-कभार बालगोबिन का संगीत अनसुना रह जाता था?

(i) झिल्ली की झंकार (ii) दादुरों की टर्र-टर्र

(iii) मेघों की गड़गड़ाहट (iv) बिजली की कौंध

**विकल्प :**

(क) केवल (iii) (ख) (i) और (ii) (ग) (iii) और (iv) (घ) (ii) और (iii)

(iii) बालगोबिन अकसर क्या बजाया करते थे?

(क) तबला (ख) ढोलक (ग) मंजीरा (घ) खँजड़ी

(iv) भादों की अंधेरी निस्तब्ध रात में भी कौन जागता रहता था?

(क) बालगोबिन भगत स्वयं। (ख) बालगोबिन का संगीत।

(ग) बालगोबिन व उनका संगीत। (घ) बालगोबिन व उनकी पतोहू।

(v) ''तेरी गठरी में लागा चोर, मुसाफिर जाग ज़रा!'' में मुसाफिर किसे कहा गया है?

(क) सांसारिकता में लिप्त आम आदमी को। (ख) सांसारिकता से विरक्त आम आदमी को।

(ग) बालगोबिन के गाँव के किसानों को। (घ) गाँव में रहने वाले लोगों को।

8. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- **1x2=2**

(i) कैप्टन नेताजी की मूर्ति पर चश्मा क्यों लगा देता था?

(क) नेताजी के प्रति सम्मान के कारण।

(ख) मूर्ति के प्रति सौंदर्यबोध के कारण ।

(ग) नगरपालिका से प्राप्त आदेश के कारण।

(घ) चश्मों का प्रदर्शन करने के कारण।

(ii) खीरे के साथ नवाब साहब के अनोखे अंदाज़ और व्यवहार का लेखक पर क्या प्रभाव पड़ा?

(क) उनमें नवाब साहब के प्रति कटुता का भाव उत्पन्न हुआ।

(ख) उनमें नवाब साहब के प्रति आत्मीयता का भाव जाग उठा।

(ग) उन्हें खीरा खाने के एक खास तरीके का ज्ञान हुआ।

(घ) उन्हें नई कहानी लिखने की युक्ति की समझ आ गई।

9. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- 1x5=5

समुझी बात कहत मधुकर के, समाचार सब पाए।
इक अति चतुर हुते पहिलै ही अब गुरु ग्रंथ पढ़ाए।
बढ़ी बुद्धि जानी जो उनकी, जोग-संदेस पढ़ाए।
उधौ भले लोग आगे के, पर हित डोलत धाए।
अब अपने मन फेर पाइ हैं, चलत जु हुते चुराए।
ते क्यौं अनीति करैं आपुन, जे और अनीति छुड़ाए।
राज धरम तौ यहै 'सूर', जो प्रजा न जाहिं सताए।

(i) काव्यांश में 'मधुकर' कौन है?

(क) कृष्ण (ख) उद्धव (ग) गोपियाँ (घ) मधुप

(ii) राजा का धर्म क्या है?

(क) प्रजा के हित का ख़्याल रखना। (ख) दीन-दुखियों की सहायता ही करना।
(ग) सतत अनीति के मार्ग पर चलना। (घ) अपने लोगों का विशेष ख़्याल रखना।

(iii) गोपियाँ कृष्ण से क्या चाहती हैं?

(क) अपना मन वापस पाना। (ख) जोग संदेश नहीं सुनना।
(ग) कृष्ण का प्रत्यक्ष दर्शन। (घ) उद्धव की तत्काल वापसी।

(iv) " भले लोग आगे के" से क्या आशय है?

(क) कृष्ण के सखा उद्धव जैसे स्वभाव वाले लोग।
(ख) पुरानी पीढ़ियों के बड़े और सत्ता से जुड़े लोग।
(ग) वर्तमान पीढ़ियों के बड़े और सत्ता से जुड़े लोग।
(घ) भावी पीढ़ियों के बड़े और सत्ता से जुड़े लोग।

(v) गोपियों को अनीतिकर क्या लगा?

(क) कृष्ण का स्वयं न आकर उद्धव को भेजना।
(ख) उद्धव से कृष्ण के आने का संदेश मिलना।
(ग) उद्धव का उन्हें व्यर्थ योग का ज्ञान देना।
(घ) कृष्ण के संबंध में कोई संदेश न मिलना।

10. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- 1x2=2

(i) परशुराम के क्रोधित होने का क्या कारण था ?

(क) उन्हें सीता-स्वयंवर के आयोजन में आमंत्रित न किया जाना।

(ख) उनके प्रति धनुष तोड़ने वाले राम का उपेक्षात्मक रवैया।

(ग) राजा जनक द्वारा उनका यथोचित आवभगत न किया जाना।

(घ) स्वयंवर के दौरान उनके गुरु के धनुष का तोड़ा जाना।

(ii) कवि द्वारा आत्मकथा लिखने की बात को अस्वीकार करना क्या दर्शाता है ?

(क) कवि द्वारा यथार्थ की स्वीकृति। (ख) आत्मकथा लिखने में उनकी अक्षमता।

(ग) मित्रों से उनका वैचारिक मतभेद। (घ) काव्य रचना में उनकी रुचि।

## खंड - ख

### ( वर्णनात्मक प्रश्न )

11. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- 2x3=6

(क) संस्कृति कब असंस्कृति बन जाती है ?

(ख) बिस्मिल्ला खाँ के किन गुणों को आप अपनाना चाहेंगे और क्यों ?

(ग) मन्नु की माताजी उनके लिए आदर्श क्यों नहीं बन पायीं ?

(घ) नेताजी की मूर्ति पर सरकंडे के चश्मे को देखकर हालदार की क्या प्रतिक्रिया हुई और क्यों ?

12. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- 2x3=6

(क) ''तुम्हारी यह दंतुरित मुसकान, मृतक में भी डाल देगी जान'' का आशय स्पष्ट करें।

(ख) ''विद्युत-छवि उर में, कवि नवजीवन वाले'' पंक्ति में 'नवजीवन वाले' से कवि का क्या तात्पर्य है ?

(ग) अकसर किसी भी क्षेत्र में संगतकार की पंक्ति वाले लोग प्रतिभावान होते हुए भी मुख्य या शीर्ष स्थान तक नहीं पहुँच पाते। यदि आपको मौका मिले तो आप संगतकार या मुख्य कलाकार में से किसकी भूमिका निभाना चाहेंगे ? कारण सहित उत्तर लिखिए।

(घ) राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद में परशुराम के प्रति लक्ष्मण के व्यवहार को क्या आप उचित मानते हैं ? यदि लक्ष्मण के स्थान पर आप होते तो क्या करते ?

**13.** पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग **50-60** शब्दों में लिखिए- **4x2=8**

(क) पर्वतीय क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए यह आवश्यक है कि वहाँ पर्यटन उद्योग को बढ़ावा दिया जाए परंतु यही पर्यटन उन क्षेत्रों में बढ़ते प्रदूषण का भी कारण है। इन क्षेत्रों में संतुलित विकास हो इसके लिए आप क्या सुझाव देना चाहेंगे?

(ख) वर्तमान में विज्ञान एवं तकनीकी के बढ़ते दुरुपयोग को कम करने में आपकी पीढ़ी की क्या भूमिका हो सकती है? स्पष्ट करें।

(ग) भोलानाथ के बचपन की दुनिया से आज के बचपन की दुनिया काफी अलग है। इनमें से आपको कौन-सी दुनिया अधिक अच्छी लगती है और क्यों?

**14.** निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग **120** शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए- 6

(क) लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती

संकेत-बिंदु-

- जीवन संघर्षपूर्ण
- संघर्ष ही मानव-जीवन की कसौटी
- सकारात्मक प्रभाव
- विकास का मूल मंत्र

(ख) मोबाइल फोन में खोता बचपन

संकेत-बिंदु-

- आज की आवश्यकता
- प्रतिष्ठा का प्रतीक
- अत्यधिक उपयोग मज़बूरी और आदत
- बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव

(ग) अग्निपथ योजना : सुरक्षित सशक्त भारत

संकेत बिंदु-

- योजना क्या है
- वर्तमान में इसकी आवश्यकता क्यों
- युवाओं पर प्रभाव
- देश की सुरक्षा-व्यवस्था पर प्रभाव

**15.** आप विभु सोनी/वैभवी गोयल हैं। दूरदर्शन निर्देशालय को किशोरों की सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय चेतना को बढ़ाने वाले अधिकाधिक कार्यक्रमों को प्रसारित करने का आग्रह करते हुए लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। **5**

**अथवा**

आप अंकित/अंकिता हैं। आप शीतावकाश में अपने नानाजी के गाँव जाकर उनके साथ समय बिताने वाले थे परंतु उसी अवकाश के दौरान आपके विद्यालय में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की ओर से रंगमंच का प्रशिक्षण देने के लिए दस दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। आप भी उसमें भाग लेना चाहते हैं। गाँव न आ पाने की असमर्थता जाहिर करते हुए लगभग 100 शब्दों में नानाजी को पत्र लिखें।

**16.** आप अर्पण वत्स/अपर्णा भट्ट हैं। आपके विद्यालय में होने वाले छात्र-परिषद के चुनाव में स्पोर्ट्स-कैप्टन के पद के लिए आप भी भाग लेना चाहते है। इसके लिए आप अपना एक संक्षिप्त स्ववृत्त (बायोडाटा) लगभग 80 शब्दों में तैयार कीजिए। **5**

**अथवा**

आप कौशल शर्मा/कोमल सूद हैं। आपने एक महीने पहले अपना पासपोर्ट बनवाने के लिए पासपोर्ट सेवा केन्द्र में आवेदन दिया था परंतु अभी तक उनका कोई प्रत्युत्तर नहीं आया है। इस बात की ओर ध्यान दिलाते हुए लगभग 80 शब्दों में उन्हें एक ई-मेल लिखिए।

**17.** आप नवीन गर्ग/नाव्या बुटोला हैं। आपके बडे भाई का चयन सीडीएस (संयुक्त रक्षा सेवाएँ) के लिए हो गया है। इस अवसर पर उनके लिए लगभग 60 शब्दों में बधाई एवं शुभकामना संदेश लिखिए। **4**

**अथवा**

प्लास्टिक की थैलियों पर रोक लगाने के लिए जागरूकता अभियान हेतु लगभग 60 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

-oOo-